प्रेस नोट

दि0 25.08.2024

थाना मलवां पुलिस द्वारा 01 गुमशुदा की बरामदगी

महोदय दिनांक 24.08.24 को प्रार्थी मन्नी लाल पुत्र शिव चरन निवासी ग्राम हसनापुरसानी थाना मलवां जनपद फतेहपुर के द्वारा डायल 112 पर खुद के लड़के आजाद उम्र करीब 17 वर्ष के अपहरण होने के सम्बन्ध में सूचना दिया गया। उक्त दिये गये सूचना के आधार पर मुझ थानाध्यक्ष द्वारा टीम गठित कर व सर्विलास सेल की मदद से विभिन्न स्थानों पर तलाश कर आजाद पुत्र मन्नी लाल निवासी ग्राम हसनापुरसानी थाना मलवां जनपद फतेहपुर को ग्राम कोराई के पास हाईवे के किनारे से सकुशल बरामद किया गया।

बरामद गुमशुदा का विवरण:- दिनांक 23.08.24 को शाम 07.30 बजे आजाद पुत्र मन्नीलाल निवासी ग्राम हसनापुरसानी थाना मलवां जनपद फतेहपुर गांव के दुकान से सामान लेने के लिए कह कर निकला किन्तु दुकान पर नही गया और घर भी वापस नही आया जिसके कारण आजाद के परिजन द्वारा खुद खोजबीन किया किन्तु नही मिला जिसके कारण आजाद के परिजनों ने दिनांक 24.08.24 को डायल 112 को फोन करके आजाद के अपहरण होने की सूचना दिया उक्त सूचना पर मुझ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह द्वारा थाने से टीम गठित करके टीम के साथ एवं सर्विलास सेल की सहायता से विभिन्न स्थानों पर आजाद उपरोक्त की बरामदगी हेतु दबिश दी गयी और दिनांक 25.08.24 को भोर पहर समय करीब 04.30 बजे ग्राम कोराई हाईवे के किनारे आजाद उपरोक्त को बरामद किया गया। जिससे पूछने पर प्रकाश में आये आजाद उपरोक्त का दिलीप पाण्डेय निवासी मेवली बुजुर्ग थाना मलवां जनपद फतेहपुर की पुत्री के साथ 07 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था और आजाद एवं दिलीप की पुत्री फोन पर इस्टाग्राम पर बातचीत करती थी एवं आजाद चोरी छिपे मिलता था। इस बात की जानकारी दिलीप एवं इनके परिजनों को हो गयी इसी कारण दिलीप, आजाद उपरोक्त के घर दिनांक 23.08.24 को दोपहर के समय उलाहना दिया गया था। इसी दौरान आजाद इस्टाग्राम पर दिलीप के पुत्री की आईडी ब्लाक करने का प्रयास कर रहा था तभी दिलीप की पुत्री द्वारा आजाद को भेजा गया मैसेज डीलिट हो गया इस बात से आजाद डर गया कि वह अब फंस जायेगा जिसके कारण आजाद ने अपना अपहरण होने का नाटक रचा और दुकान पर सामान लेने जाने का बहाना बनाकर घर से चला गया और अपने फोन से आवाज बदलकर 10 लाख रुपये की फिरौती अपने घर वालों से मांगी और फोन बंद कर लिया फिर लगातार अपने फोन को आन आफ करता रहा इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर दबिश देने के पश्चात पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस सेल की सहायता से ग्राम कोराई हाइवे के किनारे से आजाद उपरोक्त को दिनांक 25.08.24 को भोर समय 04.30 बजे सकुशल बरामद किया गया।

बरामद करने वाली पुलिस टीम का विवरण:- थाना मलवां जनपद फतहेपुर

1. **थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह**
2. **उ0नि0 मधुसूदन वर्मा**
3. **उ0नि0 रितेश कुमार मौर्या**
4. **का0 कपिल शर्मा**
5. **का0 सतीश कुमार सिंह**
6. **का0 रवि कुमार**
7. **का0 अवधेश राजपूत**